DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE DAY

Thursday 20201015

कोरोना का टीका

बच्चों के लिए कोरोना का टीका बनाने पर काम शुरू, अमेरिकी कंपनी फाइजर को मिली अनुमति (Hindustan: 20201015)

https://www.livehindustan.com/national/story-work-begins-on-making-corona-vaccine-for-children-american-company-pfizer-gets-permission-3562149.html

बच्चों के लिए कोरोना का टीका बनाने पर काम शुरू हो गया है। अमेरिकी कंपनी फाइजर को सरकार ने बच्चों पर टीके का परीक्षण करने की अनुमति दी है। कंपनी अगले सप्ताह ट्रायल शुरू करेगी। सबसे पहले 16 व 17 साल के किशोरों पर प्रयोगात्मक टीके का असर देखा जाएगा फिर 12 से 15 साल की आयु के बच्चों पर यह प्रयोग किया जाएगा।

सिनसिनाटी बाल अस्पताल में टीका अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. रॉबर्ट फ्रेंक ने बताया कि 90 अभिभावकों ने अपने बच्चों को इस ट्रायल में शामिल कराने की इच्छा जताई है। हम शुरुआत में दर्जन भर बच्चों पर टीके का असर देखेंगे, फिर बड़े समूह पर परीक्षण किया जाएगा। हमें याद रखना होगा कि बच्चों व किशोरों में वायरस से मौत का खतरा कम पर यह शून्य नहीं है। अकेले अमेरिका में 50 हजार बच्चे संक्रमित हो चुके हैं। फ्रेंक के मुताबिक, बच्चों में अबतक जितने मामले आए हैं, असल में संक्रमण उससे ज्यादा है क्योंकि बच्चों में लक्षण बहुत गंभीर नहीं होते, इसलिए माता-पिता को सही अंदाजा नहीं लग पाता।

विशेषज्ञ की राय- बच्चों के लिए टीका बनाना जोखिम भरा

बच्चों की शारीरिक संरचना अलग होती है। उन्हें ट्रायल वैक्सीन की खुराक देना जानलेवा हो सकता है। यही कारण है कि कंपनियां प्रयोगात्मक टीके की खुराक पहले वयस्कों को देकर इसका असर जांचती हैं। फिर इसे किशोरों और उसके बाद छोटे बच्चों को दिया जाता है।- डॉ. पॉल ऑफिट, पेनिसेल्विया विश्वविद्यालय के बाल रोग विशेषज्ञ

इन बातों पर चिंता

1. बच्चों का टीका बड़ों के बाद आएगा: क्लीनिकल इंफेक्शियस डिसीज जर्नल के मुताबिक, बच्चों के लिए कोविड टीका अगले साल सितंबर के बाद ही आ सकेगा क्योंकि अभी तो वयस्कों के लिए ही परीक्षण पूरे नहीं हुए हैं। हालांकि, उम्मीद है कि इस साल के अंत तक वयस्कों के लिए वैक्सीन आ जाएगी।

2. सिर्फ तीन कंपनियां बनाएंगी: सिर्फ तीन कंपनियों ने ही बच्चों पर ट्रायल वैक्सीन के परीक्षण की अनुमति मांगी है। ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका ने बच्चों पर परीक्षण शुरू कर दिया है। फाइजर अगले सप्ताह शुरूआत करेगी। तीसरी कंपनी चीन की सिनोवैक बायोटेक ने भी जल्द ही बच्चों पर ट्रायल शुरू करने की घोषणा की है।

3. गर्भवती महिलाओं पर भी ध्यान नहीं: गर्भवती व बच्चों को दूध पिलाने वाली मांओं के लिए अलग से टीका बनाने पर अभी ध्यान नहीं गया है। सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट नामक अमेरिकी थिंकटैंक ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि जो अग्रिम पंक्ति के क्षेत्रों में काम कर रहीं महिलाएं इस श्रेणी में आती होंगी, सरकारें उन्हें कोरोना से कैसे सुरक्षित रख पाएंगी।

शोध : टीका बनने में लगी देरी खतरा बढ़ाएगी

इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित शोध में बताया गया कि जब तक वयस्कों के साथ बच्चों को भी समय पर कोरोना का टीका नहीं मिल जाता, इस महामारी से पूरी तरह सुरक्षा नहीं मिल पाएगी। दूसरी ओर, भले कोरोना से बच्चों के मरने की दर बेहद कम हो पर इस महामारी के कारण बच्चे मल्टी सिस्टम इंफ्लेमेटरी सिन्ड्रोम की जद में आ रहे हैं जो जानलेवा बीमारी है। जर्नल के मुताबिक, इस सिन्ड्रोम से पीड़ित 80% बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ रहा है, ऐसे में समय पर टीका नहीं आया तो नई पीढ़ी असमय मौत का खतरा झेलेगी।

अच्छी खबर: रूस ने बना ली एक और कोरोना वैक्सीन, Sputnik V के बाद EpiVacCorona का किया दावा (Hindustan: 20201015)

https://www.livehindustan.com/international/story-covid-19-vaccine-updates-russia-approves-second-coronavirus-vaccine-epivaccorona-after-early-trials-3562230.html

पूरी दुनिया में कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने की कवायद जारी है। इस बीच अच्छी खबर है कि रूस ने दावा किया है कि उसने कोरोना वायरस की एक और वैक्सीन बना ली है। शुरुआती ट्रायल के बाद रूस ने अपनी दूसरी कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। सरकारी अधिकारियों के साथ मीटिंग के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को ऐलान किया कि देश ने दूसरी कोरोना वायरस वैक्सीन 'EpiVacCorona' को शुरुआती ट्रायल के बाद मंजूरी दे दी है। बता दें कि इससे पहले रूस ने कोरोना की स्पूतनिक-5 वैक्सीन बनाई है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ने कहा कि अब हमें पहले और दूसरी वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। इस वैक्सीन को साइबेरिया में स्थित वेक्टर इंस्टीट्यूट ने बनाया है जो पेप्टाइड आधारित है और कोरोना से बचाव के लिए इस वैक्सीन की दो खुराक देनी होगी। इसे करीब 100 वालंटियर्स पर टेस्ट किया गया है।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, दो महीने तक इसका ट्रायल हुआ है और दो सप्ताह पहले इसके शुरुआती अध्ययन के पूरा होने के बाद अब मंजूरी दी गई है। बताया जा रहा है कि इस वैक्सीन के शुरुआती ट्रायल सफल रहे हैं और इस ट्रायल में शामिल होने वाले वालंटियर्स की उम्र 18 से 60 के बीच थी।

हालांकि, वैज्ञानिकों ने अभी तक अध्ययन के परिणाम प्रकाशित नहीं किए हैं। मीडिया से बातचीत में वैक्सीन विकसित करने वाले वैज्ञानिकों ने कहा कि यह कोरोना वायरस से व्यक्ति की रक्षा करने के लिए पर्याप्त एंटीबॉडी का उत्पादन करता है और जो प्रतिरक्षा बनाता है, वह छह महीने तक रह सकता है।

रूस की उप प्रधानमंत्री ततयाना गोलिकोवा को यह वैक्सीन लगाई गई है। उन्होंने पहले कहा था कि वालंटियर के तौरपर उन्होंने भी शुरुआती ट्रायल में हिस्सा लिया था। गोलिकोवा ने कहा है कि देशभर में 40 हजार वालंटियर्स को कोरोना की 'EpiVacCorona' वैक्सीन के अगले चरण के ट्रायल के लिए चुना जाएगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या टीका व्यापक उपयोग के लिए पेश किया जाएगा,

जबकि परीक्षण अभी भी चल रहे हैं। बता दें कि इससे पहले रूस ने 11 अगस्त को दुनिया की पहली कोरोना वायरस वैक्सीन Sputnik V को मंजूरी दी थी।

कोरोना संक्रमण

कोरोना संक्रमण के बाद पांच महीने के लिए विकसित हो जाती है रोग प्रतिरोधक क्षमता: अध्ययन (Hindustan: 20201015)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-covid-19-coronavirus-develops-immunity-for-five-months-after-infection-says-recent-study-3560415.html

अमेरिका में भारतीय मूल के एक अनुसंधानकर्ता के अध्ययन में सामने आया है कि एक बार कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद शरीर में कम से कम पांच महीने के लिए कोविड-19 के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है।

एरिजोना विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने कोरोना वायरस से संक्रमित हुए लगभग छह हजार लोगों के नमूनों में उत्पन्न हुए एंडीबॉडी का अध्ययन किया। विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर दीप्ता भट्टाचार्य ने कहा, “हमने स्पष्ट रूप से उच्च गुणवत्ता वाले एंटीबॉडी देखे जो संक्रमण होने के पांच से सात महीने बाद भी उत्पन्न हो रहे थे।”

अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि जब वायरस कोशिकाओं को पहली बार संक्रमित करता है तब प्रतिरक्षा तंत्र, वायरस से लड़ने के लिए कुछ देर जीवित रहने वाली प्लाज्मा कोशिकाओं को तैनात करता है जो एंटीबॉडी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने कहा कि संक्रमण होने के 14 दिन बाद तक रक्त की जांच में यह एंटीबॉडी सामने आती हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि प्रतिरक्षा तंत्र की प्रतिक्रिया के दूसरे चरण में दीर्घकाल तक जीवित रहने वाली प्लाज्मा कोशिकाएं पैदा होती हैं जो उच्च गुणवत्ता वाली एंटीबॉडी बनाती हैं जिनसे लंबे समय तक रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है।

भट्टाचार्य और उनके सहयोगियों ने कई महीनों तक कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी के स्तर का अध्ययन किया। अनुसंधानकर्ताओं को पांच से सात महीने तक रक्त की जांच में कोरोना

वायरस एंटीबॉडी प्रचुर मात्रा में मिले। उनका मानना है कि प्रतिरोधक क्षमता इससे अधिक समय तक रह सकती है।

संक्रमण के बाद शरीर में कोरोना संक्रमण के खिलाफ कैसे बनती है इम्यूनिटी, वैज्ञानिकों ने किया खुलासा (Dainik Jagran: 20201015)

https://www.jagran.com/world/america-researcher-found-immunity-against-coronavirus-may-last-for-several-months-20876855.html

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें कोरोना संक्रमण के पांच से सात महीनों बाद भी मरीजों में उच्च गुणवत्ता वाली एंटीबॉडी का पता चला है। वैज्ञानिकों की मानें तो कोरोना मरीजों में जो एंटीबॉडी विकसित होती हैं वह लगभग पांच महीनों तक बनी रह सकती हैं।

वाशिंगटन, पीटीआइ। कोरोना संक्रमण के बाद शरीर में एंटीबॉडी का निर्माण कैसे होता है वैज्ञानिकों ने इस बारे में खुलासा किया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक जब वायरस पहली बार कोशिकाओं को संक्रमित करता है तो प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) अल्पकालिक प्लाज्मा कोशिकाएं बनाती हैं। यही कोशिकाएं वायरस से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती हैं। इन एंटीबॉडी को संक्रमण के 14 दिन के भीतर ब्लड टेस्ट में देखा जा सकता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इम्यून रिस्पांस का दूसरा चरण लंबे समय तक जीवित रहने वाली प्लाज्मा कोशिकाओं का निर्माण करती हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाली एंटीबॉडी बनाती हैं। अमेरिका में भारतीय मूल के शोधकर्ता के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि कोरोना मरीजों में जो एंटीबॉडी विकसित होती हैं वह लगभग पांच महीनों तक बनी रह सकती हैं।

कोरोना संक्रमित लगभग 6,000 लोगों में बनी एंटीबॉडी का अध्ययन करने के बाद एरिजोना विश्वविद्यालय (University of Arizona) के शोधकर्ताओं ने यह बात कही है। विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर दीप्ति भट्टाचार्य ने कहा कि हमें कोरोना संक्रमण के पांच से सात महीनों बाद भी मरीजों में उच्च गुणवत्ता वाली एंटीबॉडी का पता चला है।

इबोला के इलाज की पहली दवा को मंजूरी दे दी।

जनरल इम्यूनिटी में बुधवार को प्रकाशित अध्ययन में प्रोफेसर जंको निकोलिच जुगिच ने कहा कि कोरोना के खिलाफ इम्यूनिटी को लेकर कई तरह की चिंताएं व्यक्त की गई हैं और लगातार यह बात कही जाती रही है कि यह स्थायी नहीं है। हमने इस अध्ययन का उपयोग इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए किया और पाया कि इम्यूनिटी कम से कम पांच महीनों तक बरकरार रह सकती है।

एसोसिएट प्रोफेसर दीप्ति भट्टाचार्य और प्रोफेसर जंको निकोलिच जुगिच ने कोरोना मरीजों में बनी एंटीबॉडी का कई महीनों तक विश्लेषण के बाद यह निष्कर्ष निकाला। शोधकर्ताओं ने पाया कि कोरोना एंटीबॉडी कम से कम पांच से सात महीनों तक ब्लड टेस्ट में मौजूद हैं।

Scientists warn of aggravated Covid-19 spread in winter via respiratory droplets (Hindustan Times: 20201015)

https://www.hindustantimes.com/health/scientists-warn-of-aggravated-covid-19-spread-in-winter-via-respiratory-droplets/story-OWGWqUnat6Mc5OEAjgjpJL.html

The modelling study, published in the journal Nano Letters, also noted that the currently followed physical distancing guidelines are inadequate in curbing the transmission of Covid-19.

Colorized scanning electron micrograph of an apoptotic cell (red) infected with coronavirus particles. For representational purposes.

While transmission of the novel coronavirus as small aerosol particles is more significant in summer, direct contact with respiratory droplets may be more pronounced in the winter months, according to a new research.

The modelling study, published in the journal Nano Letters, also noted that the currently followed physical distancing guidelines are inadequate in curbing the transmission of Covid-19.

“We found that in most situations, respiratory droplets travel longer distances than the 6-foot social distance recommended by the CDC,” said Yanying Zhu, a co-author of the study from the University of California (UC) Santa Barbara in the US. In indoor environments such as walk-in refrigerators and coolers, where temperatures are low and humidity is high to keep fresh meat and produce from losing water in storage, the scientists said this effect is increased

with the droplets transmitting to distances of up to 6 metres (19.7 feet) before falling to the ground.

They said in such environments, the virus is particularly persistent, remaining "infectious from several minutes to longer than a day in various environments." "This is maybe an explanation for those super-spreading events that have been reported at multiple meat processing plants," Zhu said.

At the opposite extreme, in hot and dry places, the researchers said respiratory droplets more easily evaporate. In such conditions, they said the evaporated droplets leave behind tiny virus fragments that join the other aerosolised virus particles that are shed as part of speaking, coughing, sneezing and breathing.

"These are very tiny particles, usually smaller than 10 microns. And they can suspend in the air for hours, so people can take in those particles by simply breathing," said study lead author Lei Zhao. In summer, the scientists said aerosol transmission may be more significant compared to droplet contact, while in winter, droplet contact may be more dangerous. "This means that depending on the local environment, people may need to adopt different adaptive measures to prevent the transmission of this disease," Zhao said. The scientists recommended greater social distancing if the room is cool and humid, and finer masks and air filters during hot, dry spells.

According to the researchers, hot and humid environments, and cold and dry ones, did not differ significantly between aerosol and droplet distribution.

They believe the findings could serve as useful guidance for public health decision-makers in efforts to keep the COVID-19 spread to a minimum. "Combined with our study, we think we can maybe provide design guidelines for the optimal filtering for facial masks," Zhao said. He added that the research could be used to quantify real exposure to the virus -- how much virus could land on one's body over a certain period of exposure. According to the scientists, the insights, "may shed light on the course of development of the current pandemic, when combined with systematic epidemiological studies."

Covid-19: What you need to know today (Hindustan Times: 20201015)

https://epaper.hindustantimes.com/Home/ArticleView

Antibody tests administered to a huge swathe of the population (or sero surveys as they are called) have shown that a significant proportion of the Indian population has been exposed to the Sars-CoV-2 virus which causes the coronavirus disease.

How significant?

A previous instalment of this column, Dispatch 158 on September 15 (scan QR code #1 below) attempted to address that question. The answer (based on results of sero surveys conducted across the country, and some conservative assumptions): 15% of the urban population and around 5% to 7.5% of the rural population can be expected to have been infected with the virus. Assuming a rural population of 850 million and an urban of 450 million, and taking the rural infection rate as 6.25%, the weighted infection rate for the country is around 12%. This is not a measure of those with current infections, but those who have been infected and cured (many times without their knowledge).

India's positivity rate for the week ended October 13 was 6.2%, according to the health ministry. This is consistent with an infection rate of 12%. Both antigen and molecular tests for Covid-19 test for current infections, unlike the antibody tests which look for antibodies — they can only diagnose current infections where antibodies have been produced (one reason why they aren't recommended for diagnosis) or previous exposure — and logic demands that the positivity rate always be lower than the infection (or exposure) rate.

There's been a lot of talk of herd immunity (again) in recent days, especially with the release, last week, of the loftily named Great Barrington Declaration (https://gbdeclaration.org/) which basically calls for building herd immunity. "The most compassionate approach that balances the risks and benefits of reaching herd immunity is to allow those who are at minimal risk of death to live their lives normally to build up immunity to the virus through natural infection, while better protecting those who are at highest risk. We call this Focused Protection," it says. A report in the New York Times suggests that the Trump White House has embraced this declaration.

Because it's important to say this, I will do so straightaway: I do not agree with the course advocated by the declaration, and believe it is downright dangerous. Several experts believe that the only way to achieve herd immunity in the case of the coronavirus disease, without significant loss of lives, is vaccination.

The herd immunity level may be just around 40% instead of the widely believed 60%, according to mathematicians at the University of Stockholm and the University of Nottingham (Dispatch 137 on August 21: scan QR code #2 below); and only around 11% of

people exposed to an infected person are likely to contract Covid-19, according to a team led by Ramanan Laxminarayan of the Centre for Disease Dynamics, Economics & Policy (Dispatch 172 on October 2: scan QR code #3 below). It still does not make sense to pursue an expose-and-infect strategy. That's because some of those infected tend to be superspreaders (8% infect 60%, according to the second study cited above); we do not know enough about the long-term impact of even mild infections; and the mathematicians themselves, in the first study cited above, caveat that the 40% number is not even directional but merely to show how "population heterogeneity affects herd immunity".

Still, sero surveys are important — not so much for assessing when a city or region or country is likely to achieve herd immunity, but to measure prevalence of the infection and the proportion of the population that has been exposed to it. A city or state with a high exposure rate (as measured by the sero survey), can safely assume that with stringent enforcement of mask discipline, social distancing, hand hygiene and rules on public gatherings, it can open up just about anything (including schools) with a lower risk than a city or a state with a lower exposure rate. That's good enough reason for the Union government as well as states to get serious about sero surveys, just as it is good enough reason for them to get serious about the enforcement of Covid-safe behaviour.

India coronavirus numbers explained, Oct 15: Significant decline in daily deaths (The Indian Express: 20201015)

https://indianexpress.com/article/explained/india-coronavirus-active-cases-deaths-recoveries-explained-october-15-6737721/

India coronavirus cases numbers explained: As the number of new infections have come down, so have the number of deaths. On Wednesday, 680 coronavirus-related deaths were reported, the lowest since July 27.

A man wearing a mask reads a newspaper in front of a closed shop in Dharmsala, on Friday, Oct. 9, 2020. (AP Photo: Ashwini Bhatia)

Along with the drop in the number of new infections being detected, there has also been a significant decline in the coronavirus-related deaths being reported every day. For the last twelve days now, the number of deaths have remained below 1,000.

Since August 25, barring a few exceptions, India has been reporting more than 1,000 coronavirus-related deaths every day. On several of these days, India was the largest contributor of coronavirus-related deaths in the world.

But as the number of new infections, rather inexplicably, has come down in the last month, so have the number of deaths. On Wednesday, 680 coronavirus-related deaths were reported from across the country, the lowest since July 27. For the last three days, this tally has remained below 800.

The decline in number of deaths is not surprising, because it indeed is linked to the number of people getting infected. The trend in deaths usually follow the trend in infection numbers with a lag of about two weeks. It's almost been four weeks since the decline in infections began, while the death count has begun to drop in the last two weeks. Yet, sharp drop in the death tally on Thursday is a bit surprising, though welcome.



In the last two weeks, about 12,500 coronavirus-related deaths have been reported from India. In the two 14-day periods before that, this number had exceeded 15,000. India has reported the highest number of coronavirus-related deaths in the world after the United States and Brazil.

Meanwhile, Delhi has once again begun to report more than 3,000 new cases in a day. The Delhi numbers had remained below 3,000 for twelve days, but crossed that figure on Tuesday and Wednesday. But it is still too early to say whether the declining trend in Delhi has been reversed.

One state where the decline in cases has been the most impressive is Andhra Pradesh, the state with the second highest caseload in the country. Over a month period, the number of cases have steadily come down from a level of 10,000 a day to less than 4,000 now. On Wednesday, it recorded about 3,900 new cases, the first time that this number had gone below 4,000 on a non-Monday since July 20. From a high of over 8 per cent a day in July, the growth rate has dropped to just about 0.6 per cent a day now.

TOP TEN STATES WITH MAXIMUM CASELOAD

EXPRESS explained.

STATE	TOTAL POSITIVE	NEW CASES	TOTAL RECOVERIES	DEATHS
Maharashtra	1,554,389	10,552	1,316,769	41,332
Andhra Pradesh	767,465	3,892	719,477	6,319
Karnataka	735,371	9,265	611,167	10,217
Tamil Nadu	670,392	4,462	617,403	10,423
Uttar Pradesh	444,711	2,593	401,306	6,507
Delhi	317,548	3,324	289,747	5,898
Kerala	310,140	6,244	215,149	1,100
West Bengal	305,697	3,677	268,384	5,808
Odisha	261,011	1,470	235,763	1,142
Telangana	217,670	1,432	193,218	1,249

Data as on October 14, 2020

Kerala also finally seems to be showing signs of a reduction. In the last three days, its daily infection numbers have been considerably lower than what it has been reporting in recent times. Its growth rate has fallen below three per cent for the first time in over a month.

Less than 68,000 new cases were detected across the country on Wednesday, while more than 81,000 people were declared to have recovered from the disease. Recoveries have exceeded the new infections on 22 of the last 27 days now. Over 73 lakh people have so far been infected with the disease, nearly 64 lakh of whom have recovered.

Transmission of Covid-19 from mother to baby: What new research shows (The Indian Express: 20201015)

https://indianexpress.com/article/explained/covid-19-mothers-baby-transmission-6734741/

The study covered 101 babies born to Covid-19-positive mothers in two New York hospitals from March 13 to April 24.

A doctor examines a pregnant woman at a district hospital in Allahabad, Uttar Pradesh. (AP Photo: Rajesh Kumar Singh, File)

A new study published in JAMA Pediatrics has found that transmission of SARS-CoV-2 from Covid positive mothers to babies is rare, if basic infection control practices are followed.

The findings suggest it may not be warranted to go for extensive measures like separating Covid-positive mothers from their new borns and avoiding breastfeeding.

The study covered 101 babies born to Covid-19-positive mothers in two New York hospitals from March 13 to April 24. Most of the babies roomed with their mothers, who were encourage to breastfeed but wore masks and washed hands and breasts with soap and water.

Only two of the new borns tested positive for SARS-CoV-2 but had no clinical evidence of illness.

ट्यूबरक्यूलोसिस

कोविड-19 के कारण पटरी से उतर सकता है टीबी उन्मूलन अभियान (Hindustan: 20201015)

https://www.livehindustan.com/health/story-covid-19-pandemic-may-derail-india-goal-of-eradicating-tuberculosis-3560838.html

कोविड-19 के कारण ट्यूबरक्यूलोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान और इलाज में दिक्कत आ रही है जिससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या इस साल तेजी से बढ़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की आज यहाँ जारी वैश्विक टीबी रिपोर्ट, 2020 में कहा गया है कि कोविड-19 और लॉकडाउन के कारण दुनिया भर के देशों में टीबी के मरीजों की पहचान में काफी कमी देखी गई है। टीबी के सबसे अधिक मरीजों वाले तीन देशों भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस में साल के पहले छह महीने में नये मरीजों की संख्या में 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। पहचान कम होने से इस साल टीबी से होने वाली मौतों में भारी वृद्धि हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि टीबी के मरीजों की पहचान होने के बाद उनका उपचार शुरू होने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। नियमित उपचार के अभाव में टीबी से मौत का खतरा काफी अधिक होता है। दुनिया के एक-चौथाई से अधिक टीबी मरीज भारत में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है "भारत में मार्च के आखिर से

लेकर अप्रैल के अंत तक राष्ट्रीय स्तर पर लॉकडाउन के कारण टीबी के नये मरीजों की साप्ताहिक और मासिक संख्या में 5० प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद मरीजों की पहचान कुछ बढ़ी है, लेकिन जून के अंत तक भी यह मार्च से पहले की तुलना में काफी कम थी। सरकारी और निजी दोनों तरह के अस्पतालों में मरीजों की पहचान में गिरावट रही है।"

भारत ने वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। मरीजों की पहचान नहीं हो पाने की स्थिति में उनका उपचार शुरू नहीं हो पायेंगा। ऐसे में टीबी उन्मूलन के लक्ष्य में देरी की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में जनवरी में टीबी के जितने मरीज सामने आये थे जून में उसकी तुलना में तीन-चौथाई से कम मरीजों की ही पहचान हो पाई है। अप्रैल में यह आँकड़ा घटकर 4० प्रतिशत के आसपास रह गया था। डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि वर्ष 2019 में देश में 26 लाख 4० हजार टीबी के मरीज थे जो दुनिया भर में टीबी मरीजों का 26 प्रतिशत है। इनमें 71 हजार एचआईवी से भी संक्रमित थे। प्रति लाख आबादी में 193 लोग इस रोग की चपेट में थे। भारत ने टीबी की स्थिति पर पहले जन सवेर्क्षण की रिपोर्ट वर्ष 2०21 में जारी करने का भी लक्ष्य रखा था, लेकिन महामारी के कारण सवेर्क्षण अभी शुरू भी नहीं हो पाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल करीब एक करोड़ लोग टीबी की चपेट में आये जिनमें 3० लाख की तो पहचान ही नहीं हो पाई थी। दुनिया में टीबी के कारण वर्ष 2०19 में 14 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें 31 प्रतिशत मामले भारत में से हैं। वहीं टीबी के जो मरीज एचआईवी से संक्रमित नहीं है उनमें होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत भारत होती है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2015 से 2019 के बीच टीबी के उन्मूलन की दिशा में काफी प्रगति हुई थी। इस दौरान नये मरीजों की संख्या में नौ प्रतिशत और इस बीमारी से होने वाली मौतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

तनाव

तनाव को दूर करने के साथ वजन घटाने में भी कारगर है अखरोट, जानें इसके फायदे और सेवन का सही तरीका (Hindustan: 20201015)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-walnut-benefits-in-hindi-weight-loss-stress-buster-and-immunity-booster-remedy-3562610.html

क्या आप हर रात कुछ न कुछ सोचते रहते हैं और कई तरह के ख्याल आपकी नींद उड़ा देते हैं? अगर आपका जवाब हां है, तो आप मेडिटेशन के साथ अखरोट खाना शुरू कर दीजिए, इससे आपकी यह समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। आज हम आपको खाली पेट भिगाए हुए अखरोट खाने के फायदे बता रहे हैं।

सूखे अखरोट की बजाय खाएं भीगा हुआ अखरोट

अखरोट को कच्चा खाने की बजाए अगर भिगोकर खाया जाए, तो इसके फायदे कई गुणा बढ़ जाते हैं। इसके लिए रात में 2 अखरोट को भिगोकर रख दें और सुबह के समय खाली पेट इसे खा लें। यकीन मानिए भीगे हुए बादाम खाना जितना फायदेमंद है उतना ही फायदेमंद भीगे हुए अखरोट खाना भी है। भीगा हुआ अखरोट कई बीमारियों से निजात दिलाने में मदद करता है।

डायबिटीज का खतरा करता है कम

ब्लड शुगर और डायबिटीज से बचना चाहते हैं, तो भीगे हुए अखरोट का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। बहुत सी स्टडीज में यह बात सामने आयी है कि जो लोग रोजाना 2 से 3 चम्मच अखरोट का सेवन करते हैं, उनमें टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा कम हो जाता है। अखरोट ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है जिससे डायबिटीज का खतरा कम हो जाता है।

पाचन शक्ति होती है बेहतर

अखरोट फाइबर से भरपूर होता है, जो आपकी पाचन प्रणाली को दुरुस्त रखता है। पेट सही रखने और कब्ज से बचने के लिए फाइबर युक्त चीजें खानी जरूरी है। ऐसे में अगर आप रोजाना अखरोट का सेवन करते हैं, तो आपका पेट भी सही रहेगा और कब्ज भी नहीं होगा। भीगे हुए अखरोट को पचाना भी आसान हो जाता है।

हड्डियों की मजबूती के लिए खाएं अखरोट

अखरोट में ऐसे कई घटक और प्रॉपर्टीज पाए जाते हैं जो आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाते हैं। अखरोट में अल्फा-लिनोलेनिक ऐसिड पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत करने में मदद करता है। इसके अलावा, अखरोट में मौजूद ओमेगा-3 फैटी ऐसिड सूजन को भी दूर करता है।

तनाव को दूर करने में कारगर

अखरोट खाने से कई मायनों में आपका तनाव और स्ट्रेस कम होता है और आपको अच्छी नींद भी आती है। अखरोट में मेलाटोनिन होता है, जो बेहतर नींद लाने में मदद करता है। वहीं, ओमेगा-3 फैटी ऐसिड ब्लड प्रेशर को संतुलित कर तनाव से राहत दिलाता है। भीगे अखरोट खाने से आपका मूड भी अच्छा होता है और फिर ऑटोमैटिकली आपका स्ट्रेस कम हो जाता है।

वेट लॉस करके आपको फिट रखता है अखरोट

अखरोट वजन कम करने में अहम भूमिका निभाता है। ये बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और आपकी बॉडी से एक्स्ट्राभ फैट कम करने में हेल्प करता है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन व कैलरी होती है, जो वजन को नियंत्रित रखने में मदद करती है। शोध में भी यह बात साबित हो चुकी है कि अखरोट का सेवन न सिर्फ वजन कम करता है, बल्कि उसे कंट्रोल में रखने में भी मदद करता है।

विश्व हैंड वॉश दिवस

विश्व हैंड वॉश दिवस: कोरोना से बचना है तो बार-बार अपने हाथों को धोएं (Hindustan: 20201015)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-handwashing-day-2020-wash-your-hands-frequently-to-protect-against-covid-19-3562197.html

आज विश्व हैंड वॉश दिवस है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य यही है कि लोगों को हाथ धोने के महत्त्व के बारे में जागरूक किया जा सके। चूंकि हाथ धोने और निरंतर हाथों की सफाई बनाए रखने से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है इसलिए हाथ धोने के महत्त्व को सभी को जानना जरूरी है। आज

पूरी दुनिया कोरोना वायरस की चपेट में आ चुकी है। कोरोना वायरस की कोई दवा या वैक्सीन ना होने की वजह से बचाव ही रोकथाम माना जा रहा है। मास्क पहनने के साथ ही हाथ धोना कोरोना से बचने का कारगर उपाय है। इस साल की थीम है- "हाथों की सफाई सभी के लिए (हैंड हाईजीन फॉर ऑल)।"

आज के समय में बहुत से डॉक्टरों का मानना है कि सैनिटाइजर की तुलना में साबुन का इस्तेमाल करना कहीं बेहतर है। वर्तमान में वायरस से निपटने और उसके बाद भी साबुन से हाथ धोना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कोविड-19 ने हमें अपने स्वास्थ की सुरक्षा के लिए सचेत रहना सिखा दिया है। आने वाले वक्त में हमें इस आदत को ऐसे ही बनाए रखना है।

सैनिटाइजर से बेहतर है साबुन

ज्यादातर डॉक्टरों की सलाह यही है कि सैनिटाइजर का प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर ही करें। 20 सेकेन्ड तक साबुन से हाथ धोना आपको अनगिनत बीमारियों से बचा सकता है। हाथ गंदे होने पर सैनिटाइजर से हाथों की त्वचा खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। त्वचा पर पड़ने वाली दरारों से वायरस के शरीर में प्रवेश करने की संभावना भी बढ़ जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि जहां तक संभव हो साबुन और पानी का ही प्रयोग करें। यदि साबुन नहीं है तो ही सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

कोरोना के दौर में बढ़ गयी है सैनिटाइजर की मांग

कोरोना नायरस के फैलने के बाद से ही सैनिटाइजर की मांग में गगनचुंबी इजाफा हुआ है। लोग ज्यादा से ज्यादा और अलग-अलग प्रकार के सैनिटाइजर खरीद रहे हैं। प्लास्टिक के छोटे डिब्बों में पैक होने की वजह से हैंड सैनिटाइजर को कैरी करना बहुत आसान है। एक ओर जहां सैनिटाइजर कुछ खास स्थितियों में ही काम आ सकते हैं वहीं दूसरी ओर तेल, ग्रीस आदि को निकालने में यह साबुन जितने कारगर नही हैं। सैनिटाइजर खरीदते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे-

1. 70 प्रतिशत से अधिक अत्कोहल वाले सैनिटाइजर ही खरीदें। यह वायरस को खत्म करने में ज्यादा प्रभावशाली है।

2. बाजार में बिकने वाले अल्कोहल फ्री सैनिटाइजर न खरीदें। वे वायरस का खात्मा करने में सक्षम नही हैं।

इस वक्त बाजार में तरह-तरह के उत्पाद उपल्बध हैं। ऐसे में लोगों को लगता है कि हाथ धोना उतना प्रभावी नहीं है। आज विश्व हैंड वॉशिंग डे पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को हाथ धोने के महत्त्व के बारे में

जागरूक कीजिए ताकि कोरोना वायरस से लड़ाई कुछ आसान हो जाए। साथ ही अपने हाथों की त्वचा का ख्याल रखने के लिए उन पर क्रीम लगाते रहें।

Global Handwashing Day 2020: The do's and don'ts of handwashing (The Indian Express: 20201015)

https://indianexpress.com/article/lifestyle/life-style/global-handwashing-day-2020-dos-and-donts-of-handwashing-6734779/

